भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3735
दिनांक 05.04.2023/15 चैत्र,1945 (शक) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर में निवेश

3735# श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत 3 वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितने बाहरी लोगों ने जमीन खरीदी है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान कितनी भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने कितने उद्योगों में निवेश किया है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) : जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2020, 2021 और 2022 के दौरान जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र से बाहर के कुल 185 व्यक्तियों ने संघ राज्य क्षेत्र में जमीन खरीदी है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	**जमीन खरीदने वाले व्यक्तियों की संख्या**
2020	01
2021	57
2022	127

इसके अलावा, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान संघ राज्य क्षेत्र से बाहर के व्यक्तियों द्वारा कोई जमीन नहीं खरीदी गई है।

(ख): जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित कुल 1559 भारतीय कंपनियों ने संघ राज्य क्षेत्र में निवेश किया है, जिसका वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**निवेश करने वाली कंपनियों की संख्या**
2020-21	310
2021-22	175
2022-23	1074

इसके अलावा, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित किसी भी भारतीय कंपनी ने संघ राज्य क्षेत्र में निवेश नहीं किया है।

******